## प्रस्तुति

शकील खान



औरंगाबाद में शनिवार को वर्धमान सांस्कृतिक मंच की ओर से संत एकनाथ रंग मंदिर उस्मानपुरा में आयोजित 'डोंट वरी वी हैप्पी' नाटक का एक दृश्य. हास्य-व्यंग्य से परिपूर्ण नाटक की प्रस्तुति देखने बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए.

# सीनेट चुनाव की मतगणना आज

## विश्वविद्यालय प्रशासन ने किए इंतजाम पूरे, अगले चरण में दस सीटों के लिए चुनाव

**औरंगाबाद | 25 नवंबर | लोस सेवा**

डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के सीनेट चुनाव के पहले चरण में 'कॉलेज शिक्षक, यूनिवर्सिटी शिक्षक', प्राचार्य, संस्था चालक और विद्या परिषद के लिए शुक्रवार को रिकार्ड ब्रेक मतदान हुआ. कुल 37 सीटों के लिए हुए चुनाव की मतगणना रविवार को विवि परिसर में होगी.

मतगणना के लिए डॉ बाबासाहब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं. विवि के महात्मा फुले सभागृह में सुबह दस बजे से मतगणना की शुरुआत होगी. नियोजित रूप से उम्मीदवार, विवि के प्रशासनिक अधिकारी व चुनाव निर्णय विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे. मतगणना की जानकारी मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए विवि प्रशासन ने मुख्य प्रशासनिक इमारत में ध्वनिक्षेपक (लाउडस्पीकर) लगाए हैं.

मतदान के दिन विवि के चुनाव विभाग कार्यालय ने मतदान केंद्र पर आवश्यक सुविधा नहीं उपलब्ध कराया. इस आशय का आरोप उम्मीदवार तथा उनके समर्थकों ने लगाया था. चुनाव निर्णय अधिकारी के रूप में कुलसचिव डॉ साधना पांडे कामकाज देख रही हैं.

### शुक्रवार को हुए मतदान के आंकड़े

| गुट | कुल मतदाता | हुआ मतदाता | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| महाविद्यालय शिक्षक | 3434 | 3219 | 93.74 |
| विश्वविद्यालय शिक्षक | 172 | 168 | 97.67 |
| संस्था चालक | 174 | 172 | 98.86 |
| प्राचार्य | 105 | 102 | 97.15 |
| विद्या परिषद | 3434 | 3219 | 93.74 |

महाविद्यालय शिक्षक गुट में 10 सीटें, विश्वविद्यालय शिक्षक गुट के लिए 3 सीटें, प्राचार्य गुट के 8 (दो निर्विरोध) सीटें, संस्था चालक गुट से 4 (दो निर्विरोध) सीटें और विद्या परिषद की 7 सीटों (एक निर्विरोध) के लिए शुक्रवार 24 नवंबर को मतदान हुआ था. जिसके लिए विवि कार्यक्षेत्र के चार जिलों में 20 मतदान केंद्र बनाए गए थे. जिसमें 7 मतदान केंद्र औरंगाबाद जिले में थे. चुनाव में कुल 69 उम्मीदवारों का भविष्य मतपेटी में कैद हो गया है. राजनीतिक दलों के नेताओं की निगाहें भी शिक्षा क्षेत्र के चुनाव




परिणाम की ओर टिकी हैं, क्योंकि नए विश्वविद्यालय कानून 2016 की मंजूरी तथा क्रियान्वयन के बाद यह पहला चुनाव है. इस चुनाव के बाद अगले चरण में 4 दिसंबर को स्नातक सीनेट की दस सीटों के लिए चुनाव होगा. चुनाव में 50 से ज्यादा उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हैं.

# अत्याधुनिक बूचड़खाने का काम शुरू होने के आसार

**औरंगाबाद | 25 नवंबर | लोस सेवा**

### महापौर की जायजा बैठक में एक महीने के भीतर काम शुरू करने का निर्देश

समीपस्थ पड़ेगांव में प्रस्तावित अत्याधुनिक बूचड़खाने का कार्य अब जल्द ही शुरू होने के आसार हैं. महापौर नंदकुमार घोड़ेले की जायजा बैठक में बूचड़खाने का काम शुरु करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया गया.

मनपा के पशु संवर्धन विभाग की बैठक में बूचड़खाने के मामले का जायजा लिया गया. विदित हो कि वर्ष 2014 में केंद्र सरकार से मिलने वाली निधि की सहायता से पड़ेगांव में लगभग 36 एकड़ जमीन पर अत्याधुनिक बूचड़खाने का निर्णय लिया गया था. निर्णय पर सर्वसाधारण सभा में मंजूरी मिलने के बाद निविदा प्रक्रिया शुरु की गई थी. निविदा प्रक्रिया अंतिम करते हुए अल कुरैश एक्सपोर्ट कंपनी को बूचड़खाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. निविदा प्रक्रिया को अंतिम रूप दिए जाने के बाद एक अन्य कंपनी ने न्यायालय में याचिका दायर कर निर्णय को चुनौती दी थी.

इस बीच, न्यायालय में जनवरी-2017 को बूचड़खाना बनाने के लिए संबंधित कंपनी को जगह सौंप दी थी. बूचड़खाने के पास कुछ गोदाम है और उक्त गोदामों पर कुछ लोगों का कब्जा है. कब्जाधारकों का कहना है कि मनपा ने उनको यह गोदाम आबंटित किए थे. दूसरी ओर प्रशासन का दावा है कि ऐसा कोई आबंटन नहीं किया गया था. इस बीच, महापौर ने संबंधित मामले को जल्द से जल्द निपटाते हुए एक महीने के भीतर बूचड़खाने का कार्य शुरु करने का निर्देश दिया.

बताया जाता है कि मनपा की 36 एकड़ जमीन में से 18 एकड़ जमीन में अत्याधुनिक बूचड़खाना बनेगा. यहां पर एक शिफ्ट में चार सौ जानवरों के काटने की क्षमता रहेगी. बूचड़खाना चलाने वाले की ओर से मनपा को हर साल एक करोड़ 80 लाख रुपए की रॉयल्टी दी जाएगी. बूचड़खाना परिसर में ही जानवरों का बाजार लगाया जाएगा.

**मांस बिक्री के 590 लाइसेंस**

पशु संवर्धन विभाग के डॉ बीएस नाईकवाड़े के अनुसार शहर में मांस बिक्री की 590 दुकानों को लाइसेंस दिए गएहैं. इसमें 93 बीफ, 115 मटन और अन्य दुकानों का समावेश है.

# डॉक्टर को धमकाने वाले नगरसेवक के खिलाफ मामला दर्ज

**औरंगाबाद | 25 नवंबर | लोस सेवा**

गैस्ट्रो के मरीज के बजाय पहले अपने साथ आए मरीज का इलाज करने के लिए डाक्टर को धमकाने और गालीगलौज करने वाले छावनी परिषद के नगरसेवक के खिलाफ छावनी पुलिस ने आज मामला दर्ज किया है.

छावनी पुलिस ने बताया कि डॉ विनोद धामंदे नामक चिकित्सा अधिकारी छावनी परिषद के हॉस्पिटल में नौकरी करते हैं. वे नित्य की तरह 16 नवंबर को हास्पिटल में भरती हुए गैस्ट्रो के मरीजों का इलाज कर रहे थे कि उसी समय नगरसेवक शेख हनीफ उर्फ बब्बू अपने साथ एक मरीज को लेकर दवाखाने में पहुंचे. उस मरीज के चेहरे पर फोड़ा हो गया था. बब्बू ने डॉ विनोद से कहा कि वह गैस्ट्रो के मरीज को छोड़ दें और पहले उनके साथ आए मरीज का इलाज करें. इस पर डॉक्टर ने उनको समझाया कि पहले गंभीर पेशेंट देखना जरूरी है, उनका मरीज बाद में भी आ सकता है. कुछ देर रुक कर उसे देखेंगे. यह सुनकर बब्बू भड़क गए और उन्होंने डॉ विनोद के साथ गालीगलौज की. इस समय दवाखाने के अन्य कर्मचारियों व नर्स ने बब्बू को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने सभी को धमकाया. आखिर विनोद ने आज छावनी पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके आधार पर बब्बू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

### महिला और बच्चों को भूखा रखा

**औरंगाबाद:** भोजन ठीक से न बनाने की बात पर एक 43 वर्षीय विवाहिता और उसके बच्चों को भूखा रखने के मामले में ससुरालवालों के खिलाफ बेगमपुरा पुलिस ने मामला दर्ज किया है. यह घटना शिवशंकर कॉलोनी में घटी. इस बारे में शिवशंकर कॉलोनी जवाहर कॉलोनी निवासी 43 वर्षीय ऊषा शैलेंद्र सरदार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसका विवाह सात साल पहले हुआ है. उसके तीन माह बाद ही पति शैलेंद्र सरदार, ससुर आनंद सोनाजी सरदार, सास और दो ननद ने उसे यह कहकर प्रताड़ित करना शुरू किया कि वह उनको पसंद नहीं है, उसे ठीक तरह से खाना पकाना नहीं आता, घर का काम ठीक नही करती, तेरा चाल-चलन ठीक नहीं है. इसी तरह अन्य कारण को लेकर उसके साथ गालीगलौज की जाती रही है. पति शैलेंद्र भी शराब पीकर हमेशा ऊषा के साथ मारपीट करता है. ऊषा और उसके बच्चों को भोजन देने के बजाय दिन भर भूखा रखा जाता है, जिससे तंग आकर ऊषा ने अपने मायके जाकर बेगमपुरा पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है. जमादार कोकणी मामले की जांच कर रहे हैं.



औरंगाबाद में शनिवार को महागामी की ऑरा औरंगाबाद नृत्य शृंखला में 'पशुनाम' ओडिसी नृत्य प्रस्तुत करते हुए महागामी के कलाकार.

# ओडिसी नृत्य ने बिखेरी रामायण की छटा

## महागामी : ऑरा औरंगाबाद नृत्य महोत्सव; शिष्यों ने किया मनमोहक प्रस्तुतिकरण

**औरंगाबाद | 25 नवंबर | लोस सेवा**

महागामी की ओर से आयोजित 'ऑरा औरंगाबाद' नृत्य महोत्सव में शनिवार 25 नवंबर को प्रस्तुत किए गए नृत्य में पदन्यास, भाव-भंगिमाओं के साथ ही जबर्दस्त अभिनय देखने को मिला. संचालिका पार्वती दत्ता के मार्गदर्शन में महागामी के शिष्यों ने ओडिसी नृत्य प्रस्तुत कर मंच पर रामायण के अनेक प्रसंगों को साकार कर दिया. यह कार्यक्रम संस्था के शारंगधर सभागृह में आयोजित किया गया.

कार्यक्रम के प्रारंभ में 'शिव वंदना' प्रस्तुत की गई. इसके बाद महादेव के स्वभाव से संबंधित विविध छटाएं दर्शाने वाले नृत्य प्रस्तुत किए गए. कल्याणी राग की रचना पर 'कल्याणी पल्लवी' प्रस्तुति दी गई.

इसके बाद रामायण के विविध प्रसंगों को नृत्य और अभिनय के साथ प्रस्तुत कर रसिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. एलोरा गुफाओं के विविध शिल्पों से प्रेरणा लेकर पार्वती दत्ता ने तैयार की इस प्रस्तुति में वनवास के लिए निकले राम, सीता, लक्ष्मण, शूर्पणखा के नाक-कान काटना, सीता हरण, अशोक वाटिका में हनुमानजी की सीता से भेंट, राम-रावण युद्ध और राम विजयोत्सव आदि प्रसंग साकार हो उठे. इसके साथ ही सावेरी पल्लवी, पशुनाम और मणिपद्म पर आधारित रचनाओं पर ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया गया.

### दिव्या प्रभाकर का भरतनाट्यम आज

ऑरा औरंगाबाद नृत्य महोत्सव में कल बेंगलुरू की कलाकार दिव्या प्रभाकर भरतनाट्यम प्रस्तुत करेंगी. इसमें पुष्पांजलि, देवराणम, तुलसीदास भजन, रसिल राधा और थिल्लना संकल्पना पर नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा. यह कार्यक्रम महागामी में शाम 7.30 बजे होगा.

# खेत में युवक को जहर पिलाया

## खेती के विवाद का मामला, हर्सूल की घटना

**औरंगाबाद | 25 नवंबर | लोस सेवा**

खेती के विवाद में चार लोगों ने एक युवक को खेत में ही पकड़कर जबर्दस्ती जहर पिलाकर उसकी हत्या का प्रयास किया. यह घटना हर्सूल परिसर के कोलठाणवाड़ी परिसर में कल दोपहर को घटी.

फुलेनगर हर्सूल निवासी आमेर नबी पटेल नामक 20 वर्षीय किसान ने हर्सूल पुलिस में शिकायत दी है कि उसकी हर्सूल परिसर के कोलठाणवाड़ी परिसर में जमीन है. उस जमीन को लेकर गांव के ही तैयब शब्बीर पटेल, शमशेर पटेल, मोबीन पटेल, शफीक पटेल के साथ उनका अदालत में विवाद चल रहा है और मामला न्यायप्रविष्ट है. कल, शुक्रवार को आमेर अपने चचेरे भाई आबेद नूर पटेल के साथ रात लगभग साढ़े बारह बजे खेत में पानी भरने गया था. रात लगभग एक बजे तैयब और उसके साथियों ने अचानक आबेद को पकड़ा और उठाकर जमीन पर गिरा दिया. बाद में जेब से जहरीली दवा की बोतल निकालकर आबेद को जबर्दस्ती पिला दी.

आमेर ने शोर मचाया तो उक्त चारों ने उसकी दिशा में पथराव कर वहां से भगा दिया, जिससे वह अंधेरे में छुप गया. बाद में अपने भाई सरफराज पटेल के खेत में जाकर उसे जानकारी दी. फिर दोनों ने आबेद को इलाज के लिए घाटी में पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है. इस शिकायत के आधार पर हर्सूल पुलिस ने तैयब शब्बीर पटेल समेत चारों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है. पुलिस निरीक्षक मनीष कल्याणकर के मार्गदर्शन में फौजदार पवार इस मामले की जांच कर रहे हैं.

### संदिग्ध गिरफ्तार



सातारा पुलिस थाने के सहायक फौजदार सखाराम सानप कल शाम लगभग सात बजे सातारा में खंडोबा मंदिर के पीछे गश्त लगा रहे थे कि वहां पर दिलीप बाबूराव जाधव (23, निवासी गंगानगर नेवासा फाटा, जिला अहमदनगर) मंदिर के पीछे अपराध अथवा चोरी के इरादे से छिपा मिला. सानप और उनके साथियों ने दिलीप को पकड़कर उसके खिलाफ 122 के तहत कार्रवाई की है.

# रासेयो विभाग का मुफ्त जांच शिविर

**औरंगाबाद | 25 नवंबर | लोस सेवा**

सिडको स्थित भगवान होमियोपैथी मेडिकल कॉलेज व इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग ने निरीक्षणगृह, बालगृह, में बच्चों के लिए मुफ्त जांच शिविर शनिवार को आयोजित किया.

डॉ एमएस हुसे, डॉ निलेश चिमणे, डॉ पीडी राय, डॉ अनिकेत शितोले, डॉ स्मिता मुगटकर के मार्गदर्शन में एमडी होमियोपैथी व इंटर्नशिप के डॉक्टरों ने जांच की. इस अवसर पर शैक्षणिक भेंट दी गई. कॉलेज की ओर से हर शनिवार को जाकर रिमांड होम में बच्चों की जांच की जाती है. शिविर को सफल बनाने के लिए डॉ राजीव खेड़कर, डॉ एसएस कुलकर्णी, डॉ जतिन शहा का मार्गदर्शन मिला. शिविर में कॉलेज के विद्यार्थी धवल बारी, राम चावरे, कविता नागोड़े, गीतांजली खेड़कर, अनिल यादव, प्रियंका भटाने आदि शामिल थे.

# राकांपा ओबीसी सेल में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए

**औरंगाबाद | 25 नवंबर | लोस सेवा**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ओबीसी सेल में शनिवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रवेश किया. प्रांताध्यक्ष ईश्वर बाल बुधे की प्रमुख उपस्थिति में शहर के युवाओं ने पार्टी में प्रवेश किया. राष्ट्रवादी भवन में राज्यस्तरीय ओबीसी जनजागृति अभियान व रथयात्रा कार्यक्रम के नियोजन के लिए बैठक संपन्न हुई.

बैठक में बालबुधे ने मार्गदर्शन किया, जिसमें संभाग के कार्यकर्ता उपस्थित थे. 12 दिसंबर को यह रथयात्रा नागपुर से निकलेगी. इस रथयात्रा में प्रांत के कई मान्यवर शामिल होंगे. बैठक में राकांपा ओबीसी विभाग के प्रांताध्यक्ष ईश्वर बालबुधे, विधायक भाउसाहब पाटील चिकटगांवकर, पूर्व विधायक संजय वाघचौरे, शहराध्यक्ष ओबीसी गजानन पोपटराव सोनावणे, शहराध्यक्ष काशीनाथ कोकाटे, शहर कार्याध्यक्ष ख्वाजा शर्फोद्दीन मुल्ला, प्रदेश संगठक विजय सालवे, मनोज घोड़के, पूर्व शहराध्यक्ष राजेश पवार, पश्चिम शहराध्यक्ष विनोद बनकर, युवक शहराध्यक्ष दत्ता भांगे, जावेद खान, शहराध्यक्ष सोशल मीडिया के विलास मगरे, शहराध्यक्ष विद्यार्थी मयूर सोनवणे, अमोल दांडगे, पूर्व शहराध्यक्ष विद्यार्थी राहुल तायडे, सुशील बोर्डे, अफरोज पटेल, विलास ढंगारे, गणेश अंबेकर, निखिल जैवल, चांगदेव हिंगे, संदीप सराफ, संतोष सोनवणे, अमित जगताप, विजय जऱ्हाड़, शेख बाबर, अमजद खान, राजू अन्नपूर्णे, अबरार पटेल आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन सोमनाथ सुरडकर किया और आभार जावेद खान ने माना.

# उस्मानपुरा में 42 हजार की सेंधमारी

**औरंगाबाद | 25 नवंबर | लोस सेवा**

निजी काम के लिए बेंगलुरू गए परिवार के उस्मानपुरा स्थित मकान का ताला तोड़कर चोरों ने 42 हजार रुपए के चांदी के बर्तन चुरा लिए. इसी तरह समर्थनगर में भी चोरों ने एक महिला का पर्स उड़ाया, जिसमें नकदी और मोबाइल था.



मेहरनगर गारखेड़ा निवासी बाबूराव नाइक नामक 78 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी की बेटी और दामाद पन्नालालनगर उस्मानपुरा में रहते हैं. 8 नवंबर को बेटी और दामाद किसी निजी काम से बेंगलुरु चले गए थे, जो कल ही वापस लौटे. इस बीच उनके घर पर ताला लगा देखकर चोरों ने चांदी के 42 हजार के बर्तन चुरा लिए. इस प्रकार की शिकायत बाबूराव ने उस्मानपुरा पुलिस में दर्ज करवाई है. फौजदार शेलके मामले की जांच कर रहे हैं.

**पर्स उड़ाया**

समर्थनगर आदित्य अपार्टमेंट निवासी रोहिनी शेख कुलकर्णी नामक 34 वर्षीय महिला ने रोज की तरह कल दोपहर डेढ़ बजे बाहर से आने के बाद अपनी मोपेड घर के कम्पाउंड के बाहर रोड पर खड़ी की और घर में चली गई. इसी दौरान किसी ने उनकी मोपेड के हैंडल पर लटकाया पर्स चुरा लिया. पर्स में नकदी 1180 रुपए के अलावा 12 हजार का मोबाइल था. इस बारे में रोहिणी ने क्रांति चौक पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है.

**बाइक चुराई**

पन्नालालनगर निवासी रवींद्र गोविंद पवार शुक्रवार रात मोतीकारंजा चौक गांधीनगर के पास से गुजर रहे थे. इस बीच उनकी मोटर साइकिल का पेट्रोल खत्म हो गया. कोई रास्ता न देख पवार ने मोटर साइकिल वहीं पर खड़ी की और बोतल लेकर पेट्रोल लाने जाफरगेट परिसर के पेट्रोल पंप पर चले गए. इस बीच किसी ने उनकी मोटर साइकिल चुरा ली. इस बारे में क्रांति चौक पुलिस में मामला दर्ज किया गया है.

